Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:47 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:32 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 283 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 9 मई 2026

बजट पर रितेश देशमुख ने...पेज-3 पर

## पलायन से खेत ही नहीं, संस्कृति और विरासत भी हो रही बंजर: सीएम योगी

देहरादून
हमारे संवाददाता

योगी ने कहा कि पलायन केवल खेती को प्रभावित नहीं कर रहा बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं और पूर्वजों की विरासत को भी धीरे-धीरे समाप्त कर रहा है। योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गांव पंचूर में श्री विष्णु पंचदेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड में बढ़ते पलायन और बंजर होते खेतों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पलायन केवल खेती को प्रभावित नहीं कर रहा बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं और पूर्वजों की विरासत को भी धीरे-धीरे समाप्त कर रहा है। योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गांव पंचूर में श्री विष्णु पंचदेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पलायन के कारण लोग अपने गांव, जमीन और सांस्कृतिक पहचान से दूर होते जा रहे हैं। यह स्थिति भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से अपनी जड़ों और परंपराओं को बचाने का आह्वान किया। कहा कि समय-समय पर दैवीय शक्तियों की पूजा और पुरुषार्थ के कार्य भी जरूरी हैं जिससे समाज और संस्कृति जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि जो खेत कभी फसलों से लहलहाते थे, आज वे झाड़ियों से पटे नजर आते हैं। कई गांवों में हालात ऐसे हैं कि खेतों में एक दाना अन्न तक पैदा नहीं हो रहा। लोग जंगली जानवरों को खेती छोड़ने का कारण बताते हैं लेकिन पहले भी गांवों में जंगली जानवर होते थे। उस समय लोग अधिक जागरूक और सजग रहते थे तथा खेती और परंपराओं से जुड़े रहते थे। उन्होंने किसानों को खेती के नए विकल्प अपनाने की सलाह दी। कहा कि यदि जंगली जानवर गेहूं, धान और दाल जैसी पारंपरिक फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो लोगों को बागवानी की ओर बढ़ना चाहिए।

उन्होंने बताया कि पंचूर के निकट पोखरी गांव में ही बाबा रामदेव द्वारा खुमानी, आड़ू और किन्नू जैसे फलों का सफल उत्पादन किया जा रहा है जिससे क्षेत्र के लोगों को भी नई प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि बंजर खेतों को फिर से आबाद करना समय की आवश्यकता है। सरकार भी किसानों और ग्रामीणों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## News कॉर्नर

### मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों का औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में हल्द्वानी क्षेत्र में संचालित मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी गुरूदेव सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई प्रशिक्षण संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।
अधिकारियों ने पाया कि कुछ ट्रेनिंग स्कूलों के पास न तो पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और न ही आवश्यक उपकरण, इसके बावजूद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।
अधिकारियों द्वारा देव भूमि मोटर ड्राइबिंग ट्रेनिंग स्कूल, जय दुर्गा मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल एवं कुमाऊं मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल का निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि दो प्रशिक्षण संस्थानों में देव भूमि मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, जय दुर्गा मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं।

### हल्द्वानी-काठगोदाम में दो दिन रहेगा विशेष डायवर्जन प्लान लागू

**हल्द्वानी।** पर्यटन सीजन और वीकेंड पर बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में 09 एवं 10 मई 2026 को विशेष ट्रैफिक एवं डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था प्रतिदिन सुबह 09 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार यात्रा रूट पर सुबह 06 बजे से रात 11 बजे तक भारी वाहनों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को सुबह 08 बजे से रात 09 बजे तक जनपद सीमा पर ही रोका जाएगा। इनके लिए नंबर-01 बैंड, एचएमटी क्षेत्र, सलड़ी चौकी और अमृतपुर मोड़ में पार्किंग व्यवस्था की गई है।

दिलीप घोष समेत चार विधायकों ने भी ली मंत्री पद की शपथ


## शुभेंदु बने बंगाल के नए सीएम

नई दिल्ली/पं. बंगाल
एजेंसी

पश्चिम बंगाल की राजनीति में 9 मई 2026 का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। आजादी के बाद पहली बार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई और शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी पीएम मोदी के पास पहुंचे और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष समेत चार विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम बनने जा रहे शुभेंदु अधिकारी ने मंच पर रखी गई गुरुदेव टैगोर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्यों को बधाई दी। शुभेंदु अधिकारी के साथ यह पांच विधायक भी मंत्री पद की शपथ ली हैं। इनमें शामिल हैं दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तिनिया, खुदीराम टुडू, निशिथ घोष। पश्चिम बंगाल के नए सीएम बने शुभेंदु अधिकारी।





शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूकर लिया आशीर्वाद।

### पीएम मोदी भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ता से मिले

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठतम कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का अभिनंदन किया और उनसे आशीर्वाद लिया। 1952 में, भारतीय तिरंगा फहराने के आंदोलन के दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर में मौजूद माखनलाल सरकार को गिरफ्तार कर लिया गया था। 98 वर्ष की आयु में भी श्री माखनलाल सरकार स्वतंत्रतोत्तर भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े शुरुआती जमीनी स्तर के नेताओं में से एक हैं।



## पीएम मादी ने शुभेंदु की पीठ थपथपाई, योगी ने भगवा अंगवस्त्र पहनाया

नई दिल्ली/पं. बंगाल
एजेंसी

पश्चिम बंगाल के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एनडीए ने विशाल शक्ति प्रदर्शन किया। पीएम मोदी ने शुभेंदु अधिकारी की पीठ थपथपाई और माखनलाल सरकार के पैर छुए।

ब्रिगेड परेड ग्राउंड पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने शुभेंदु अधिकारी के साथ मंच के नजदीक तक रोड शो किया। शुभेंदु खुद भगवा रंग के कुर्ते में थे। प्रधानमंत्री जैसे ही मंच पर पहुंचे, एनडीए और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की कतार नजर आई। कई राज्यों के मुख्यमंत्री और एनडीए के वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद थे। यहां प्रधानमंत्री ने बंगाल भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ता माखनलाल सरकार को गलाकर उनके पैर छुए। शपथ ग्रहण होने के बाद शुभेंदु सभी नेताओं का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री के पास तक आए। उन्होंने झुककर प्रधानमंत्री को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई और कान में कुछ कहा। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शुभेंदु अधिकारी की छह बार पीठ थपथपाई। जब शुभेंदु योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचे तो योगी ने उन्हें भगवा अंगवस्त्र पहुंचाया।

**शक्ति प्रदर्शन**
- मंच पर जुटे 30 से अधिक दिग्गज नेता

## विभिन्न स्थानों पर बने गड्ढों और अधूरे कार्यों की मांगी रिपोर्ट

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में यूयूएसडीए द्वारा कराए जा रहे कार्यों के चलते विभिन्न स्थानों पर बने गड्ढों एवं आमजन को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए कुमाऊं आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए है।आयुक्त द्वारा सचिव विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी एवं सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को पत्र प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया है कि शहर के ऐसे सभी स्थानों का निरीक्षण किया जाए, जहां यूयूएसडीए के कार्यों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं अथवा गड्ढे बने हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संबंधित स्थलों की शत-प्रतिशत फोटोग्राफी कर विस्तृत आख्या उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जहां कार्य अधूरे हैं या आमजन को आवाजाही में दिक्कत हो रही है, वहां त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। आयुक्त ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क खोदने के बाद पुनर्स्थापना कार्य समय पर पूर्ण कराया जाए तथा सुरक्षा मानकों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आईपीएल में सट्टा लगवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

देहरादून
हमारे संवाददाता

ऋषि विहार कॉलोनी के एक किराये के फ्लैट से आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी कराई जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने फ्लैट पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पांच युवक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिये सट्टा खिलाते हुए पकड़े गए।

उत्तराखंड एसटीएफ और दून पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टेबाजी कराने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बसंत विहार क्षेत्र से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके तार दुबई से संचालित प्रतिबंधित महादेव एप और रेडीबुक बैटिंग एप से जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि बसंत विहार थाना क्षेत्र स्थित ऋषि विहार कॉलोनी के एक किराये के फ्लैट से आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी कराई जा रही है। सूचना के आधार पर बुधवार रात संयुक्त टीम ने फ्लैट पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पांच युवक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिये सट्टा खिलाते हुए पकड़े गए। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील शर्मा, संदीप गुप्ता, अकरंद शर्मा और अभिषेक शर्मा सभी निवासी छत्तीसगढ़ और संदीप कुमार बिहार का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे व्हाट्सएप ग्रुप और ऑनलाइन वेबसाइट के जरिये ग्राहकों को जोड़ते थे और उन्हें आईपीएल मैचों पर दांव लगवाते थे। पुलिस ने मौके से तीन लैपटॉप, 17 मोबाइल फोन, 22 डेबिट कार्ड, एयरटेल एक्सट्रीम फाइबर कनेक्शन और ऑनलाइन सट्टेबाजी से संबंधित डिजिटल सामग्री शामिल बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ थाना बसंत विहार में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच में कई बैंक खातों की जानकारी भी मिली है जिनमें करोड़ों रुपये के लेनदेन की आशंका जताई जा रही है।



**कार्रवाई**
- दुबई से संचालित एप से भी जुड़े तार

# दलाल के खिलाफ कार्रवाई न होने पर भड़के ट्रांसपोर्टर

**ऋषिकेश**

हमारे संवाददाता

तीन दिन पहले ऋषिकेश से रुद्रप्रयाग के नंबर पर पंजीकृत टैक्सी वाहन में एक दलाल ने ऋषिकेश से तीर्थयात्री बिठाए थे। यह यात्री केदारनाथ की यात्रा पर जा रहे थे। जांच के दौरान एआरटीओ ऋषिकेश रश्मि पंत ने वाहन को तपोवन क्षेत्र में पकड़ा था।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) की ओर से एक दलाल (एजेंट) के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आईएसबीटी चौकी में शिकायती पत्र दिया गया था। दलाल के खिलाफ कार्रवाई न होने पर गुस्साए ट्रांसपोर्टरों ने आईएसबीटी चौकी का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। डीलक्स टैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत डंग ने बताया कि तीन दिन पहले ऋषिकेश से रुद्रप्रयाग के नंबर पर पंजीकृत टैक्सी वाहन में एक दलाल ने ऋषिकेश से तीर्थयात्री बिठाए थे। यह यात्री केदारनाथ की यात्रा पर जा रहे थे। जांच के दौरान एआरटीओ ऋषिकेश रश्मि पंत ने वाहन को तपोवन क्षेत्र में पकड़ा था। वाहन के यात्रा संबंधी कागजात पूरे न होने पर एआरटीओ ने वाहन को सीज कर दिया था। पूछताछ में वाहन चालक ने एआरटीओ को एक दलाल का नाम, नंबर और फोटो उपलब्ध कराई थी। एआरटीओ प्रवर्तन ने आईएसबीटी चौकी प्रभारी को शिकायत देकर उक्त वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न तो दलाल से पूछताछ की, न ही प्राथमिकी दर्ज किया। इसके विरोध में ट्रांसपोर्टरों ने एकत्रित होकर शुक्रवार शाम को 6:30 बजे आईएसबीटी चौकी का घेराव कर कार्रवाई की मांग की।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश, केसी भट्ट बोले मामले में जानकारी जुटाई जा रही है। नियम विरुद्ध कार्य करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन व्यवसायियों को इस संबंध में बता दिया गया है।



**आरोप**

- पुलिस पर लगाया बचाने का आरोप, चौकी घेरी




## यूनिटी इन ह्यूमैनिटीज विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में शुक्रवार को यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा यूनिटी इन ह्यूमैनिटीज विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ0. जयति दीक्षित ने कहा कि भारत वासुदेव कुटुंबकम की अवधारणा पर चलने वाला देश है, आज के समय में मानवता हमारा सबसे बड़ा धर्म है और यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी एक ऐसा माध्यम है जिससे कि हम संकट के समय एक दूसरे के साथ खड़े होकर उसका सामना कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 ईप्सिता सिंह ने यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के मूल्यों के बारे में बताया एवं यूनिटी इन ह्यूमैनिटी की थीम को समझाते हुए बताया कि संकटों, प्राकृतिक आपदाओं एवं संघर्षों से निपटने में मानवता तथा समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है जिससे कि समाज में एकजुटता को बढ़ावा मिल सके ।डॉ0 दीपक द्वारा कार्यक्रम का सफ ल संचालन किया । कार्यक्रम में डॉ0 तरुण कुमार आर्य, ममता पांडे , डॉ0 निर्मला, संतोष कुमार भारती, प्रेमा देवी एवं यूथ रेड क्रॉस कलब के छात्र व छात्राएं और अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नैनीताल में अग्निवीर परीक्षा के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर परीक्षा के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सैनिक विभाग प्रदेश कांग्रेस कर्नल राम रतन सिंह नेगी एवं अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल सचिन नेगी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी नैनीताल राहुल छिमवाल, पूर्व सांसद डा. महेंद्र पाल, विधानसभा अध्यक्ष शिवम बजाज, पप्पू कर्नाटक, मनोज ममघाई, संजय कुमार, मंजू बिष्ट, पीके शर्मा, जेके शर्मा, राजेंद्र व्यास, भुवन बिष्ट, जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट समेत रविंद्र राठौर, सूरज पांडे, सुनील मेहरा, शेलू, प्रमोद कुमार, अमित पांडे, सिद्धार्थ टंडन, यश, राहुल कुमार, सतनाम, जुनेद, राहुल कुमार, सचिन कुमार, रमेश बिष्ट, मनीष बिष्ट, नमन, चीमा, अंकित, नफ ीस तथा राहुल देव आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी नैनीताल सचिन नेगी ने अग्निवीर योजना को खत्म करने की मांग करी जिससे गौरवशाली सैन्य परंपरा बनी रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## पौधारोपण प्रकृति संरक्षण के लिए महत्वपूर्णः कन्याल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 662वे दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 662वें दिन पौधारोपण अभियान को विवाह समारोह से जोड़ते हुए डीडीहाट के किरौली निवासी प्रकाश सिंह कन्याल व बसन्ती कन्याल की पुत्री गीता ने पौधारोपण किया। प्रकाश कन्याल ने कहा कि पौधारोपण प्रकृति संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सुनील शाह,दान सिंह कन्याल, प्रवीण कन्याल उपस्थित रहे।

दिनेश गुरुरानी ने कहा कि मडमांनले के भोतड़ी निवासी गुलाब सिंह धामी के पुत्र सौरभ व सोबन सिंह की पुत्री रोशनी ने बारमौ मैप में परिणय सूत्र में बधने के बाद पौधा रोपण किया। सौरभ व रोशनी ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगे। कार्यक्रम में राजेश मेहता व हेमेंद्र बिष्ट उपस्थित रहे।



## खामियां मिलने पर सल्ट के झिमार में हॉटमिक्स प्लांट सील

**अल्मोड़ा।** सल्ट के झिमार में अवैध रूप से चल रहे हॉटमिक्स प्लांट को प्रशासन ने सील करने की कार्रवाई की है। प्लांट में तमाम खामियां मिलने पर शुक्रवार को जिला प्रशासन, खनन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और लोनिवि के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर प्लांट को सील किया।

सल्ट के झिमार में नियमों को दरकिनार कर चलाए जा रहे अवैध हॉटमिक्स प्लांट को बंद कर दिया गया है। अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हॉटमिक्स प्लांट की शिकायत सीएम पोर्टल पर भी की गई थी। जिसके बाद जिलाधिकारी अंशुल सिंह के आदेश पर उप जिलाधिकारी रिंकू बिष्ट की अध्यक्षता में खनन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग का संयुक रूप से निरीक्षण करने के आदेश दिए गए। मौके पर पहुंचे सभी अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया जिसमें तमाम खामियां मिलने पर हॉटमिक्स प्लांट को सील करने की कार्रवाई की गई।

## NEWS / फटाफट

### फायरिंग मामले में डीएम ने किए दो शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के चंपावत में पुश्तैनी जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस अधीक्षक चंपावत की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में भैरवा चौराहा चंपावत निवासी महेंद्र कुमार (मूल निवासी लोहारियासाल, हल्द्वानी) ने अपने लाइसेंसी शस्त्र से दिनेश तड़ागी पर फ ायरिंग कर दी जिससे वह घायल हो गए। दोनों पक्ष आपस में बिरादरान बताए जा रहे हैं और लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा था। घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने महेंद्र कुमार तड़ागी के नाम जारी 38 बोर रिवॉल्वर और सिंगल बैरल बंदूक तथा दोनों शस्त्र लाइसेंसों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा17(3) के तहत निरस्त कर दिया है।

### दूसरी पुण्यतिथि पर परंपरा ने किया याद नैनीताल के प्रसिद्ध छायाकार ए.एन. सिंह को



**नैनीताल ।** पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल द्वारा बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी प्रसिद्ध छायाकार शिक्षाविद् (सेवा निवृत प्रधानाचार्य, संस्कृति कर्मी, खिलाड़ी, तैराक) ए.एन.सिंह को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर याद किया।

पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल के निर्देशक बृजमोहन जोशी द्वारा ए.एन.सिंह को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत जोशी द्वारा अपने संबोधन में ए.एन.सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल की संरक्षक कमला जोशी, सचिव मनोज कुमार जोशी, अध्यक्ष अनुभा जोशी, प्रशान्त कपिल,मीनू कपिल, गीता कपिल, निशांत कपिल, श्रीपर्णा जोशी तथा साबी कपिल आदि उपस्थित थे।

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया



**नैनीताल ।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नैनीताल विधान सभा के तहत विकास खंड रामगढ़ की ग्राम सभा कफूड़ा तथा मौना का भ्रमण कर लोगों को पार्टी की गतिविधियों के साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डा.आर्य ने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं बना रही हैं इन योजनाओं का सभी को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 में जुटने का भी आह्वान किया। इस दौरान कई ग्रामीणों ने उन्हें क्षेत्र की ज्वलंत समस्याएं गिनाई जिनका डा.आर्य ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर गोपाल राम,भुवन राम टमटा,चंदन राम,गोविंद प्रसाद, महेश चंद्र,सतीश चंद्रा,योगेश कुमार, गोविंद सिंह, प्रेम प्रकाश, गोकुल चंद्र तथा देव राम आदि मौजूद थे।

### ट्रेडिंग का झांसा देकर सात लाख की क्रिप्टो करेंसी की साफ

**दिनेशपुर।** क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति का वॉलेट हैक कर सात लाख से अधिक की डिजिटल क्रिप्टो करेंसी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खटोला गांव निवासी सुखवंत सिंह ने बताया कि इंस्टाग्राम के माध्यम से खुद को हल्द्वानी निवासी बताकर एक व्यक्ति ने उससे यूएसडीटी (यूएस डॉलर टेथर) क्रिप्टो खरीदने की पेशकश की। आरोपी ने 18 अप्रैल को 7500 यूएसडीटी खरीदने की बात कही। उसने बताया कि उसके पास 7350 यूएसडीटी है जिसका मूल्य सात लाख 10 हजार रुपये है। इसके बाद साइबर ठगों ने व्हाट्सएप कॉल कर स्क्रीन शेयर करने को कहा। स्क्रीन शेयर करते ही ठगों ने उनका वॉलेट हैक कर उसके सभी यूएसडीटी उड़ा दिए।

## सीबीएसई ने100 किमी दूर रानीखेत बनाया परीक्षा केंद्र, विद्यार्थी परेशान

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

सीबीएसई बोर्ड ने द्वितीय बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित करते समय पहाड़ की भौगोलिक स्थिति का ध्यान नहीं दिया। 15 मई से होने वाली इस परीक्षा के लिए केंद्र 100 किमी से भी अधिक दूरी पर बना दिया। 10वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। जिसका अभिभावक संघ ने विरोध जताया है।

सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा 15 मई से होने जा रही है। इस परीक्षा में राइका कनरा के 10वीं के छात्र भी परीक्षा के लिए पंजीकृत है। इस विद्यालय के बच्चों का परीक्षा केंद्र रानीखेत आर्मी स्कूल में बना दिया गया है। इस विद्यालय में गांव के गरीब बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस मामले ने सबको सुलभ शिक्षा के दावों की पोल खोल दी है। विद्यालय के अभिवावक संघ ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। अभिभावक संघ का कहना है कि अटल उत्कृष्ट जीआईसी कनरा के बच्चों के लिए कक्षा 10 की द्वितीय बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र 100 किमी दूर आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत बनाया जाना गलत है। उन्होंने कहा कि पूर्व में विद्यालय का परीक्षा केंद्र अटल उत्कृष्ट जीआईसी लमगड़ा था। अभिभावकों ने पीटीए अध्यक्ष हरीश बोरा के नेतृत्व में विद्यालय प्रधानाचार्य को परीक्षा केंद्र बदलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा है कि विद्यार्थी रानीखेत जैसे पर्यटन स्थलों में तीन-दिन होटलों में रहकर परीक्षा देने में सक्षम नहीं है। उन्होंने सीबीएसई की इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताया। प्रभारी प्रधानाचार्य जीआईसी कनरा, मदन मोहन बोले परीक्षा केंद्र बदलने के लिए सीबीएसई को मेल भेजी गई है। गरीब बच्चों की स्थिति को देखते हुए नजदीक केंद्र बनाने का आग्रह किया गया है सीबीएसई स्तर से ही परीक्षा केंद्र बदलने की कार्रवाई की जाती है।

# अभिमत

## आसान नहीं अभियान

*अब केन्द्र सरकार को पूरे देश में अभियान चलाने की याद आई है। पिछले साल लगभग 28 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी हो चुकी है। जब साइबर अपराध की शुरुआत हुई थी, तो उसी समय कानून में संशोधन करके पुलिस और खुफिया तंत्र को प्रशिक्षण देकर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन सरकार अपराधियों को परोक्ष रूप से प्रोत्साहन देती रही। अब अपराध रोकना असंभव नहीं, तो आसान भी नहीं है।*

साइबर अपराध और डिजिटल ठगी के मामले देशव्यापी चिंता का विषय हैं। सरकार और प्रशासन पर उंगली उठाना अनुचित नहीं है। केन्द्र और राज्य सरकारें अभी तक सोती रहीं, अब केन्द्र सरकार को पूरे देश में अभियान चलाने की याद आई है। पिछले साल लगभग 28 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी हो चुकी है। जब साइबर अपराध की शुरुआत हुई थी, तो उसी समय कानून में संशोधन करके पुलिस और खुफिया तंत्र को प्रशिक्षण देकर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन सरकार अपराधियों को परोक्ष रूप से प्रोत्साहन देती रही। अब अपराध रोकना असंभव नहीं, तो आसान भी नहीं है। अभियान के तहत देशभर में लगभग साढ़े दस लाख आशा कार्यकर्ता, 13 लाख आंगनवाड़ी कर्मचारी, दो लाख बीमा सखी, पेंशन सखी को घर-घर भेजकर लोगों को ठगी से बचने के तरीके बताये जायेंगे। यह अभियान शुरू होने में विलम्ब होना निश्चित है। लाखों कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देने में बहुत समय लगेगा। इसके बाद तकनीक से अनभिज्ञ लोगों को जागरूक करना कठिन होगा। क्योंकि साइबर ठगी के शिकार उच्च शिक्षित, सेवानिवृत्त अधिकारी, डाक्टर तक हो चुके हैं। साइबर अपराधियों का ताना-बाना सरकारी मशीनरी के नेटवर्क से अधिक विस्तृत है। बैंकों के सिस्टम में सेंध लगा चुके ठगों से निपटना मामूली काम नहीं है। सरकार का दावा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये संदिग्ध लेनदेन को तुरन्त पहचान करके रोक दिया जायेगा। यह काम तत्काल शुरू किया जा सकता है। फर्जी खातों की पहचान मुश्किल नहीं है। सच यह है कि ईमानदार और बैंक के वर्षों पुराने खाताधारक को बैंक कर्मचारी परेशान करते हैं। शिक्षा, होम लोन आदि के लिए औपचारिकता पूरी करने में लोगों को पसीना आ जाता है। जबकि ठगों का काम आसानी से हो जाता है। इस अभियान में सबसे आसान और त्वरित सफलता मिलने की उम्मीद स्कूल और सीनियर सेकेंडरी के छात्रों के लिए विशेष मॉड्यूल तैयार करने का प्रावधान है। छात्र-छात्राओं में तकनीक को सीखने की क्षमता और जिज्ञासा सर्वाधिक है। किशोर और युवाओं में वित्तीय जागरूकता का नियमित तौर पर स्कूलों और कालेज में अभियान चलाना चाहिए। युवा अपने अभिभावकों और आसपास के लोगों को भी सतर्क कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि खतरनाक साइबर अपराध से पीड़ित को सिर्फ आर्थिक हानि नहीं, बल्कि गहरा मानसिक आघात पहुंचता है।

# अग्निवीर योजना के खिलाफ पूर्व सैनिक विभाग कांग्रेस खफा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सैनिक विभाग ने कड़ा रुख अपना लिया है।

नैनीताल में आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान पूर्व सैनिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस योजना को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की हुंकार भरी है।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष कर्नल रामरतन नेगी और नैनीताल जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता ने योजना की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तराखंड जैसे सैन्य बाहुल्य राज्य के लिए यह कदम बेहद घातक है। कर्नल नेगी ने स्पष्ट किया कि सेना में स्थायी भर्ती को समाप्त कर चार साल की संविदा पर नियुक्ति करना न केवल युवाओं का अपमान है, बल्कि यह देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा साबित हो सकता है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व सैनिकों ने चेतावनी दी कि जब तक पुरानी भर्ती प्रक्रिया को दोबारा बहाल नहीं किया जाता, तब तक उनका सत्याग्रह और



हस्ताक्षर अभियान पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि चार साल की सेवा के बाद अग्निवीरों के पास रोजगार का कोई ठोस विकल्प नहीं होगा, जिससे देवभूमि के युवाओं में असुरक्षा और निराशा की भावना पैदा हो रही है।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर जनता को भी जागरूक किया। इस मौके पर नैनीताल नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सचिन नेगी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नैनीताल नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी नैनीताल राहुल छिमवाल, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, विधानसभा अध्यक्ष शिवम बजाज, पप्पू कर्नाटक, मनोज ममघाई, संजय कुमार, मंजू बिष्ट, पीके शर्मा, जेके शर्मा, राजेंद्र व्यास, भुवन बिष्ट, महिला जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट, रविंद्र राठौर, सूरज पांडे, सुनील मेहरा, शैलू, प्रमोद कुमार, अमित पांडे, सिद्धार्थ टंडन, यश, राहुल कुमार, सतनाम, जुनेद, राहुल कुमार, सचिन कुमार, रमेश बिष्ट, मनीष बिष्ट, नमन, चीमा, अंकित, नफीस, राहुल देव, आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

## आवासीय पट्टे की भूमि पर रेस्टोरेंट संचालन पर डीएम ने किया पट्टा निरस्त

नैनीताल । आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पट्टे को निरस्त करते हुए भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नंदराम को आवासीय पट्टे के उद्देश्य से भूमि आवंटित की गई थी, बाद में उनके वारिसान रोहित कुमार, दिनेश कुमार एवं संतोष कुमार निवासी छड़ा मझेड़ा कैंची धाम द्वारा 0.008 भूमि पर रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा था। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि भूमि का उपयोग आवासीय प्रयोजन के बजाय व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा हैए जो पट्टे की शर्तों के विपरीत है।मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने इसे पट्टा शर्तों का उल्लंघन मानते हुए प्रश्नगत पट्टे को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है, साथ ही संबंधित भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# अतीत की पड़ताल करती हैं जोनाकी रे की कविताएं

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

विश्वकवि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के 165वीं जयंती के अवसर पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ द्वारा शुक्रवार को अंग्रेजी विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल के व्याखयान कक्ष में अंग्रेजी कवयित्री व लेखिका और संपादक जोनाकी रे का एकल कविता पाठ और विद्यार्थियों से संवाद आयोजित किया गया। उन्होंने अपने कविता संग्रह फ ायरफ्लाई मेमोरीज से बिलांगिंग, द सीक्रेट टू ए गुड बिरयानी, इटिंग वाटर एण्ड लिविंग टेल्स, ए रूम आफ हर ओन, बर्न तथा फायरफफलाई कविताओं का पाठ किया।

अपने स्वागत संबोधन में महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक शिरीष कुमार मौर्य ने कहा कि जोनाकी रे का पहला कविता संग्रह फायरफ्लाई मेमोरीज अतीत की पड़ताल करता है और अपने सीमांत काव्य क्षेत्र में प्रचंड स्मृतियों का मार्गचित्र बनाता है। साथ ही गर्माहट और तनावए ईमानदारी और तात्कालिकता को एक सम्मोहक शक्ति



के साथ सामने लाता है। वे सचमुच कविता के बाहरी तत्वों को जला देती हैं और परिचित को नए में बदलने के लिए लिखती हैं जो किसी भी कवि के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है।

कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग डीएसबी परिसर की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. हरिप्रिया पाठक तथा धन्यवाद महादेवी वर्मा सृजन पीठ के समन्वयक मोहन सिंह रावत ने व्यक्त किया। आइसलैंड राइटर्स रिट्रीट एलुमनी अवार्ड से कवयित्री जोनाकी रे के साथ नकुल बिष्ट, ईश्वर सिंह धामी, गुंजिता पंत, धनंजय पाठक, हिमांशु महरा व गौरव पाण्डे आदि विद्यार्थियों ने मौजूदा दौर में लेखन की प्रासंगिकता और वर्तमान समय की चिंताओं पर समसामयिक संवाद में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. चन्द्रकला रावत, प्रो. प्रीति आर्या सहित डॉ. शशि पाण्डे, डॉ. दीक्षा मेहरा, डॉ. कंचन आर्या, डॉ. मधुरा इमलाल, मेधा नैलवाल, शिवानी शर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा व रोहित सिंह रौतेला आदि उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## 'राजा शिवाजी' के 100 करोड़ बजट पर रितेश देशमुख ने दी प्रतिक्रिया



*निर्माता-निर्देशक और अभिनेता रितेश देशमुख इन दिनों अपनी नई रिलीज फिल्म 'राजा शिवाजी' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मराठी भाषा में फिल्म को काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज के समय इस मल्टीस्टारर फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपए बताया जा रहा था। अब रितेश देशमुख ने खुद फिल्म के बजट को लेकर खुलासा किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म के 100 करोड़ रुपए के बजट की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी है।*

*द राइट एंगल के नए एपिसोड में सोनल कालरा के साथ बातचीत के दौरान रितेश देशमुख ने 'राजा शिवाजी' के बजट को लेकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या फिल्म निर्माता होने के नाते उन पर फिल्म की बड़ी ओपनिंग का दबाव होता है, क्योंकि लोग इसके बड़े बजट की चर्चा कर रहे हैं। इस पर रितेश ने कहा कि 'राजा शिवाजी' के बजट को लेकर जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उनका असली बजट तो सिर्फ निर्माता ही जानते हैं। फिल्म निर्माता के तौर पर हमें फिल्म के बजट पर चर्चा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है, क्योंकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आज के इंडस्ट्री में एक्टर्स की फीस और बजट को लेकर होने वाली चर्चा अनावश्यक रूप से केंद्र बन गई है।*

### दर्शकों से ये सवाल करते हैं रितेश

*रितेश ने सवाल उठाते हुए कहा कि बजट से क्या लेना-देना है? अगर कोई मुझसे बजट पूछता है, तो मैं उनसे पूछता हूं, आप फिल्म देखने के लिए टिकट पर कितना खर्च कर रहे हैं? वे कहते हैं, 100, 250 या 300 रुपए। मैं जवाब देता हूं कि यही बजट है। इस बारे में बात करना बंद कर देना चाहिए।*

# आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की घटना पर भड़का नैनीताल हाईकोर्ट बार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को एसोसिएशन सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.सी.एस. रावत ने की जिसमें आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता को 24 घंटे की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक स्वर में इस घटना की कड़ी भर्त्सना की। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटना न केवल संविधान की मर्यादा के खिलाफ है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया के मूल सिद्धांतों के भी विरुद्ध है। अधिवक्ताओं ने इस कृत्य को न्यायपालिका और अधिवक्ता समाज के बीच के संतुलन को बिगाड़ने वाला बताया। बैठक का संचालन महासचिव सौरव अधिकारी ने किया। इस दौरान बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह अध्यक्ष डी.के. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में एम.सी. पंत, बी.एस. अधिकारी, योगेश पचोलिया, मीना बिष्ट, राजेश शर्मा, टी.एस. फ र्त्याल, विश्वस्थ काण्डपाल, डी.एस. मेहता,गौरव काण्डपाल समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने एकमत होकर इस मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज किया।



## News कॉर्नर

### अवैध वसूली पर कार्रवाई न होने पर कांग्रेस नेता ठुकराल देंगे धरना

रुद्रपुर। कांग्रेस नेता पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शुक्रवार को एसएसपी अजय गणपति को ज्ञापन देकर डंपर स्वामी से उगाही करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि 16 अप्रैल को डंपर स्वामी राम सिंह ने एक व्यक्ति पर डंपर संचालन की एवज में अवैध उगाही के मामले में तहरीर दी। ठुकराल ने भी इस मामले में एसएसपी को पत्र दिया लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस के नाम पर ओवरलोडेड डंपरों से अवैध वसूली हो रही है। पर्याप्त सबूत होने के बाद भी इस मामले में कार्रवाई नहीं की जाती है तो वह एसएसपी कार्यालय परिसर में धरना देने को बाध्य होंगे।

### साइबर ठगी, मुखानी निवासी के खाते से उड़े एक लाख रुपये

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। मुखानी थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने ओटीपी के माध्यम से एक लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल और पुलिस से करते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मुखानी क्षेत्र के न्यू विकास नगर सेक्टर-4 निवासी चिन्ताराम आर्या ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अप्रैल की रात उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से लगातार ओटीपी आने लगे। इसके कुछ ही देर बाद उनके बैंक खाते से दो बार 5-5 हजार रुपये, एक बार 10 हजार रुपये तथा चार बार 20-20 हजार रुपये की रकम गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर हो गई। इस तरह कुल एक लाख रुपये खाते से निकल गए तहरीर में आरोप लगाया गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने कंप्यूटर संसाधनों का इस्तेमाल कर मोबाइल एक्सेस हासिल किया और साइबर धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

# गोलज्यू यात्रा का धानाचूली और धनारोली पहाड़पानी में हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन

हल्द्वानी /धानाचूली

हमारे संवाददाता

चंपावत से संपूर्ण उत्तराखंड की परिक्रमा करते हुए गोल्जू यात्रा घोड़ाखाल गोलज्यू मन्दिर, विनायक गोलू देवता मंदिर होते हुए सुंदरनगर (धानाचूली) और पहाड़पानी धनरौली पहुंची, क्षेत्रवासियों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया यात्रा निर्धारित समय से 7 घंटे लेट पहुंची उसके बाद भी लोगों में जबरदस्त श्रद्धा और भक्ति देखने को मिली संयोजक योगाचार्य डा० बिपिन जोशी ने बताया समय अत्यधिक होने के कारण यात्रा डोल आश्रम नहीं जा पाई, इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री लखीराम जोशी, पूर्व प्रमुख शांति बिष्ट, हरेंद्र सिंह बिष्ट, शोबन सिंह बिष्ट, मोहन चंद्र मेलकानी, पंडित राजन जोशी, ललित मोहन शर्मा, यात्रा के सूत्रधार विजय भट्ट आदि



उपस्थित रहे। इससे पूर्व यात्रा अपनी धरोहर संस्था के तत्वावधान में आयोजित श्री गोलू देवता की पावन यात्रा के 20वें दिवस पर यात्रा प्रात: हल्द्वानी के वार्ड संख्या 43 स्थित ओंकारसिटी के श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर में स्थापित श्री गोल्ज्यू मंदिर पहुँची। यात्रा के मंदिर परिसर में पहुँचते ही समूचा वातावरण जयकारों, शंख-घंटानाद और ढोल-दमाऊ की मंगल ध्वनियों से भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया इस अवसर पर नगर निगम हल्द्वानी के मेयर गजराज सिंह भी मंदिर परिसर पहुँचे, जहाँ कॉलोनीवासियों द्वारा उनका माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। मंदिर दर्शन उपरांत मेयर महोदय ने वार्ड संख्या 43 की जनसमस्याओं को सुना तथा क्षेत्र के विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। श्री गोलज्यू यात्रा के मंदिर में प्रवेश करते समय श्री विजय तिवारी, रमेश पुरोहित, हरीश बिष्ट, मोहन बिष्ट, पी.सी. शर्मा, बी.एस. जनी, बी.डी. जोशी, महेंद्र कोश्यारी, कुंदन अधिकारी, दिनेश तिवारी, सतीश तिवारी, पान सिंह बोरा सहित अनेक श्रद्धालुओं एवं कॉलोनीवासियों ने शंख-घंटानाद और जयकारों के साथ यात्रा का स्वागत किया। मंदिर में पुजारी पूरन लोहानी एवं नवीन जोशी द्वारा विधिवत पूजन एवं आरती संपन्न कराई गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं ने पत्र-पुष्प अर्पित कर भजन-कीर्तन एवं जयकारों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण को और अधिक भावपूर्ण बना दिया।मंदिर परिसर में श्री गोल्ज्यू देवता ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद प्रदान किया। इसके उपरांत प्रात: ठीक 10 बजे यात्रा ओंकारसिटी से काठगोदाम बिनायक के लिए प्रस्थान कर गई। भारी जनसमूह की उपस्थिति के बीच साथी संगठन की ओंकारसिटी इकाई के आह्वान पर हल्द्वानी के विभिन्न वार्डों में गठित इकाइयों के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान श्री लीलाधर पांडेय, आनंद सिंह भाकुनी, आर.एस. बोरा, जगदीश पतोला, लक्ष्मण गोनिया, जगदीश खोलिया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने लोक संस्कृति से जुड़े इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

# सरकारी वाहन से टक्कर के बाद सहायक अभियंता व चालक से मारपीट, आरोपी फरार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

थाना मुखानी क्षेत्र में सरकारी वाहन से हल्की टक्कर के बाद सहायक अभियंता और उनके चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की ओर से थाना मुखानी में तहरीर देकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।



काशीपुर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) में तैनात सहायक अभियंता रमेश चन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 8 मई को मंडल कार्यालय से सरकारी वाहन और चालक राहुल पांडे के साथ काशीपुर साइट के लिए रवाना हुए थे। शाम करीब पांच बजे थाना मुखानी के पास उनकी गाड़ी का एक स्विफ्ट कार संख्या यू के06 बी ई 1515 से हल्का संपर्क हो गया। आरोप है कि स्विफ्ट चालक शराब के नशे में था और घटना के करीब 800 मीटर आगे जाकर उसने सरकारी वाहन रुकवा लिया। इसके बाद आरोपी ने सहायक अभियंता और चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा दोनों पर हमला कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ितों के अनुसार मारपीट में उनके गले और माथे पर गंभीर चोटें आई तथा दोनों गंभीर चोटें लगी। कुछ समय के लिए दोनों बेहोश भी हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायल अवस्था में दोनों नजदीकी लामाचौड़ पुलिस चौकी पहुंचे, जहां मौजूद महिला आरक्षी ने प्राथमिक जानकारी दर्ज कर उन्हें तत्काल मेडिकल उपचार कराने की सलाह दी। इसके बाद दोनों घायल सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया। पीड़ित सहायक अभियंता ने पुलिस से आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# सड़क हादसा: ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, युवक की मौत, साथी गंभीर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गुजरौड़ा के पास शुक्रवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार स्प्लेंडर बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जा भिड़ी।

मृतक की पहचान ऊधमसिंह नगर के शक्तिफार्म निवासी 22 वर्षीय समीर उर्फ टिंकू के रूप में हुई है। वहीं, घायल 40 वर्षीय चंदन पांडे निवासी कमलवागांजा का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूरी का काम करते थे और देर रात हल्द्वानी से लामाचौड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में चिकित्सकों ने समीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि चंदन को गंभीर हालत में निजी अस्पताल रेफर किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिस ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकराई, उसका चालक वाहन सड़क किनारे खड़ा कर पास की झोपड़ी में शराब लेने गया था। इस खुलासे के बाद क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग और नशे से जुड़ी गतिविधियों के कारण क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मामले में सीओ अमित सैनी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली चालक को हिरासत में ले लिया गया है तथा अवैध शराब बिक्री के आरोपों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही अथवा अवैध पार्किंग की पुष्टि होती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हाईकोर्ट ने दी सुनील राठी गैंग कनेक्शन से जुड़े आरोपी पारस को दी जमानत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार और सुनील राठी गैंग कनेक्शन से जुड़े मामले में आरोपी देहरादून के पारस चौधरी को जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई ।



अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी के कबजे से एक अवैध 32 बोर पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। एसटीएफ की कार्रवाई के दौरान पारस चौधरी पर हथियार रखने तथा संगठित अपराध से जुड़े होने का आरोप लगाया था। राज्य पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि आरोपी के मोबाइल फोन में कुख्यात अपराधी सुनील राठी से एप्पल फेसटाइम के जरिए संपर्क के संकेत मिले हैं वहीं बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एस. रावत तथा अधिवक्ता गौरव पालीवाल ने अदालत में दलील दी कि आरोपी को झूठा फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने 25 फरवरी 2026 की रात आरोपी को अवैध रूप से हिरासत में लिया और गिरफ्तारी के दौरान बॉडी कैमरे एवं रिकॉर्डिंग उपकरण बंद कर दिए गए। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि कथित बरामदगी स्थल पर कोई स्वतंत्र गवाह नहीं बनाया गयाए जिससे पुलिस कार्रवाई संदेह के घेरे में आती है।

अदालत को यह भी बताया गया कि इस मामले के सहआरोपी भानु चौधरी जिसे उसी वाहन से गिरफ्तार किया गया था और जिसके खिलाफ समान आरोप थे उसे पहले ही देहरादून की सत्र अदालत से जमानत मिल चुकी है। बचाव पक्ष ने समानता के आधार पर पारस चौधरी को भी जमानत देने की मांग की। सभी पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि सहआरोपी को पहले ही राहत मिल चुकी है और वर्तमान मामले में भी जमानत दिए जाने का आधार बनता है। अदालत ने मामले के गुण.दोष पर कोई टिप्पणी किए बिना आरोपी पारस चौधरी को निजी मुचलका और दो जमानतदार प्रस्तुत करने की शर्त पर रिहा करने के आदेश दिए।

### याचिकाकर्ता को 13 मई तक की मोहलत

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सितारगंज में प्रस्तावित बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर दायर जनहित याचिका की । मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने बायोमेडिकल ट्रीटमेंट प्लांट पर लगी रोक जारी रखते हुए याचिकाकर्ता से पूछा है कि वे जनहित याचिका की हाईकोर्ट में सुनवाई चाहते हैं या फि र एनजीटी में। इस पर शपथ पत्र कोर्ट में पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 13 मई (बुधवार) को नियत की गई ।

# फिल्म और मीडिया जगत से जुड़ी प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक कार्यशाला

नैनीताल/देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज, के.के. टॉवर, कारगी रोड, देहरादून में आज फिल्म और मीडिया जगत से जुड़ी एक अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई।

इस सत्र में मुंबई से आए प्रसिद्ध अभिनेता और फिल्म निर्माता तथा देहरादून निवासी जतिन नेगी ने विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण और अभिनय की बारीकियों से अवगत कराया। जनसंचार और पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जिज्ञासा के साथ कार्यशाला में सहभागिता की। जतिन नेगी, जो कि भारत फिल्म और टेलीविजन संस्थान के पूर्व छात्र हैं, ने विद्यार्थियों को अभिनय, उच्चारण कला, कैमरे के सामने प्रस्तुति, कैमरा कोण, स्क्रीन पर उपस्थिति, संपादन और फिल्म निर्माण के तकनीकी तथा रचनात्मक पक्षों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कैमरे के सामने केवल संवाद कहना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करना और हर दृश्य को जीवंत बनाना भी एक कला है। उन्होंने कहा कि अभिनय केवल एक पेशा नहीं, बल्कि भावनाओं को जीवन देने वाली कला है और फिल्म निर्माण कल्पनाओं को वास्तविकता में बदलने का माध्यम है।

कार्यशाला के दौरान जतिन नेगी ने अपनी संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी जीवन यात्रा भी विद्यार्थियों के साथ साझा की। बता दें कि डॉ. कंचन नेगी, उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज की संस्थापक और निदेशक हैं। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक और करियर मार्गदर्शन से भरपूर बताते हुए संस्थान का आभार व्यक्त किया।

# 12 से 18 मई तक तीन जर्मन भूवैज्ञानिक भाइयों के चित्रों की प्रदर्शनी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हिमालय क्षेत्र के विविध रूपों को दर्शाने वाले तीन जर्मन भूवैज्ञानिक भाइयों- एडोल्फ, हरमन और रॉबर्ट श्लागिंटवेट के चित्रों की प्रदर्शनी नैनीताल के सीआरएसटी इंटर कालेज में 12 से 18 मई तक आयोजित की जाएगी। आयोजक पहाड़ ट्रस्ट ने प्रदर्शनी प्रवेश नि:शुल्क होगा। प्रदर्शनी में हिमालय के 77 चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। पहाड़ ट्रस्ट के संस्थापाक प्रो शेखर पाठक ने बताया कि, प्रदर्शनी में पांच चित्रों को पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें श्रीनगर में डल झील का मनोरम दृश्य और मेघालय का बोगापानी पुल भी शामिल



है। पाठक ने बताया कि, 1854 में, ईस्ट इंडिया कंपनी (ईआईसी) ने भारतीय उपमहा?द्वीप के चुंबकीय सर्वेक्षण क्लो पूरा करने के लिए तीन जर्मन भूवैज्ञानिकों भाइयों एडोल्फ, हरमन और रॉबर्ट श्लागिंटवेट को काम पर रखा था। पाठक ने बताया कि, श्लागिंटवेइट भाइयों ने यूरोपीय आल्प्स में सावधानीपूर्वक और विलक्षण शोध के लिए प्रतिष्ठा प्राप्त की थी। श्लाजिंटवेट बंधु भारत में अपने सर्वेक्षणों में कैमरे का उपयोग करने वाले पहले यूरोपीय थे, और उन्होंने अपनी तस्वीरों के बहुत कम रिज़ॉल्यूशन प्रिंट पर पेंटिंग भी बनाई। उन्होंने अपने निष्कर्षों को सात खंडों में प्रकाशित किया। प्रो पाठक ने बताया कि, 1854 और 1858 के बीच, श्लागिंटवेइट आइयों ने घोड़े की पीठ पर, पैदल और कभी-कभी नावों में अलग-अलग यात्रा की, दक्षिण भारत के पहले हिस्सों को पार किया और बाद में, असम से लद्दाख और बाल्टिस्तान तक, हिमालय के किनारों और खासी पहाड़ियों से लेकर हिमालय पार और भूटान तक। उन्होंने बताया कि, जर्मन भाइयों के सर्वेक्षण और मानचित्रों ने बाद के मौसम विज्ञान और भूवैज्ञानिक अध्ययनों के लिए एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में कार्य किया था।